## न्यूज डायरी



### नारायणमूर्ति के दामाद ऋषि सुनक बन सकते हैं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। कोरोना लॉकडॉउन के दौरान शराब पार्टी करने पर बुरी तरह से फंसे ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर पद छोड़ने का दबाव बढ़ता जा रहा है। कहा यह भी जा रहा है कि बोरिस को कुर्सी से हटाया भी जा सकता है। ब्रिटेन के कई सांसद और विपक्षी नेता बोरिस के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। ब्रिटिश मीडिया के मुताबिक अगर बोरिस पद छोड़ते हैं तो उनकी जगह पर भारतीय उद्योगपति नारायण मूर्ति के दामाद और ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक देश के पीएम बन सकते हैं। दरअसल, पीएम बोरिस जॉनसन ने 2020 में देश में कोरोना के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान एक गार्डन पार्टी में शामिल होने के लिए माफी मांगी है और कहा कि कुछ चीजों को उनकी सरकार ने सही से नहीं लिया। जॉनसन और उनके कर्मियों द्वारा महामारी संबंधी पाबंदियों की अवहेलना किये जाने के दावों को लेकर जनता और नेताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

### लॉकडाउन और स्कूल-कालेज बंद करने पर विचार कर रही पाक सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। सबसे ज्यादा मामले सिंध प्रांत में दर्ज किए जा रहे हैं। ऐसे में प्रांत में लाकडाउन लागू करने पर विचार किया जा रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, लाकडाउन लागू करने का निर्णय संघीय निकायों की सिफारिशों के बाद लिया जाएगा। जियो न्यूज ने मुख्यमंत्री सिंध मुराद अली शाह के हवाले से शुक्रवार को कहा कि लाकडाउन और शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने का निर्णय नेशनल कमांड एंड आपरेशन सेंटर्स (एनसीओसी) की सिफारिशों के अनुरूप लिया जाएगा। लाकडाउन को लेकर शाह की यह टिप्पणी कराची में सकारात्मकता दर पिछले 24 घंटों में 28.80 फीसद तक पहुंचने के बाद आई है। कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। शाह ने कहा, बंदरगाह शहर में अस्पतालों और गहन देखभाल इकाइयों (आईसीयू) में मरीजों की संख्या कम है।

### कोरोना के इलाज के लिए डब्ल्यूएचओ ने की दो दवाओं की सिफारिश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जेनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना के मरीजों के इलाज के लिए दो दवाओं के इस्तेमाल की सिफारिश की है। ये दवाएं मरीजों की हालत गंभीर होने की स्थिति में दी जा सकती हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये दवाएं मरीजों को आराम देने वाली होंगी और इससे कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में भी कमी आएगी। बता दें कि इस समय भारत समेत कई देशों में कोरोना के मामलों में एक बार फिर से तेजी देखी गई है, जिस कारण देशों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। डब्ल्यूएचओ ने कार्टिकोस्टेराइड्स के साथ संयोजन में बारिसिटिनिब और इंटरल्यूकिन-6 नामक दो गठिया दवाओं के उपयोग की सिफारिश की है। कोरोना के इलाज में ये दवाएं वेंटिलेटर पर जाने से बचाती हैं। विशेषज्ञों ने कहा, डाक्टर मरीजों के इलाज में उपलब्ध इन दोनों दवाओं में से किसी एक दवा का उपयोग कर सकते हैं।

### गलवान घाटी जैसी घटना को चीन ने फिर दिया अंजाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीनी सेना ने वियतनाम के जवानों पर पत्थरबाजी की है। ये घटना ठीक वैसी ही है, जैसी घटना चीन ने साल 2020 में गलवान घाटी में भारतीय सेना के जवानों के साथ की थी। साल 2020 में चीनी सैनिकों ने भारतीय जवानों पर गलवन घाटी में पत्थर, डंडों और अन्य तेज धारदार हथियारों से हमला कर दिया था। ठीक उसी रणनीति के साथ चीन ने वियतनाम सैनिकों पर हमला किया है। चीनी सैनिकों के हमले का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो को ट्विटर पर पोस्ट किया गया है। वीडियो में चीनी सैनिक वियतनामी निर्माण श्रमिकों पर पत्थर फेंकते हुए और निहत्थों को गाली देते हुए दिख रहे हैं। पत्थरबाजी की ये घटना चीन की सीमा से लगे उत्तरी वियतनाम के हा गियांग प्रांत की है। तभी भारतीय और चीनी सैनिकों के झड़प हुई थी, जिसमें देश के 20 जवानों की मौत हो गई थी।

# इमरान खान ने जारी की पहली राष्ट्रीय सुरक्षा नीति

**सुरक्षा नीति**

## जानें कश्मीर, भारत के साथ क्या चाहता है पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने देश के इतिहास में पहली बार राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को जारी कर दिया है। इस सुरक्षा नीति में इमरान खान सरकार ने भारत के साथ भारत के साथ अच्छे रिश्ते की उम्मीद जताई है। साथ ही जम्मू-कश्मीर को द्विपक्षीय संबंधों में कोर मुद्दा बताया गया है। सुरक्षा नीति में पाकिस्तान ने यह भी कहा है कि हिंदुत्व आधारित राजनीति पाकिस्तान की सुरक्षा के लिए चिंता का सबब है और प्रभाव डाल रही है।

इस सुरक्षा नीति में भारत और कश्मीर का कई बार जिक्र किया गया है। पाकिस्तान ने कहा कि कश्मीर मुद्दे का एक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण समाधान होने तक यह हमारे द्विपक्षीय रिश्तों का आधार बना रहेगा। इस दस्तावेज में चीन के साथ अच्छे रिश्ते करने पर भी जोर दिया गया है। उसने चाइना पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर को पाकिस्तान



के लिए राष्ट्रीय महत्व का प्रॉजेक्ट बताया है।

इमरान खान सरकार भारत के दोस्त रूस के साथ भी अच्छे रिश्ते बनाना चाहती है। पाकिस्तान ने कहा कि अमेरिका के साथ उसका सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। पाकिस्तान किसी खेमे की राजनीति का हिस्सा नहीं बनना चाहता है। सुरक्षा नीति में कहा गया है कि पाकिस्तान अमेरिका के साथ व्यापक रिश्ते बनाना चाहता है। इस 100 पन्ने के राष्ट्रीय सुरक्षा नीति में भारत के साथ व्यापार और बिजनस को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इस राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के ज्यादातर हिस्से को गोपनीय रखा गया है।

पाकिस्तान ने यह राष्ट्रीय सुरक्षा नीति साल 2022 से 2026 तक के लिए बनाई है। इसमें भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ दोतरफा व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। साथ ही पाकिस्तान की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। पिछले दिनों राष्ट्रीय सुरक्षा नीति से जुड़े एक अधिकारी ने पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून से कहा था, हम अगले 100 साल तक भारत के साथ बैर नहीं करेंगे। इस नई नीति में पड़ोसी देशों के साथ शांति पर जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर अगर बातचीत और प्रगति होती है तो इस बात की संभावना है कि भारत के साथ पहले की तरह से व्यापार और व्यवसायिक संबंध सामान्य हो सकते हैं।

**मोदी सरकार के अंतर्गत भारत के साथ मेलमिलाप की संभावना नहीं**


पाकिस्तानी अधिकारी ने यह भी कहा कि नई दिल्ली में वर्तमान मोदी सरकार के अंतर्गत भारत के साथ मेलमिलाप की कोई संभावना नहीं है। पाकिस्तान के पीएम इमरान खान नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को शुक्रवार को लॉन्च करेंगे। पाकिस्तान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के केवल एक हिस्से को ही सार्वजनिक करेगा बाकी का हिस्सा गोपनीय रखा जाएगा। इस सुरक्षा नीति को बनाने में पाकिस्तानी सेना ने अहम भूमिका निभाई है। इस बीच माना जा रहा है कि विपक्ष नए राष्ट्रीय सुरक्षा नीति पर बवाल कर सकता है।

## चीन के एजेंट हैं मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव को चीन के कर्ज के जाल में ढकेलने वाला पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला यामीन भारत के खिलाफ देश में जहरीला अभियान चला रहा है। जेल से छूटने के बाद यामीन के इंडिया आउट अभियान में और ज्यादा तेजी आई है। इस बीच मालदीव की सरकार में विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने यामीन को कड़े शब्दों में नसीहत दी है। शाहिद ने कहा कि मालदीव को मदद देने वाले पड़ोसी देश पर हमला करना मूर्खता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मालदीव एक संतुलित विदेशी नीति को अपना रहा है।

शाहिद ने कहा, हमारे देश को मदद देने वाले पड़ोसी देशों पर जुबानी हमला बोलना बहुत ही मूर्खतापूर्ण है। हमारे लंबे समय से दोस्ताना संबंध हैं और हमें इससे बचना चाहिए। उन्होंने एक स्थानीय न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम सोलिह की एक संतुलित विदेश नीति है।

इंडिया आउट अभियान और चीन के समर्थन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में शाहिद ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मूल्यों और सिद्धांतों को मानने वाले सभी देशों के साथ सामंजस्य बनाए रखना मालदीव जैसे देश के लिए बहुत जरूरी है जिसकी एक छोटी अर्थव्यवस्था है।



## शंघाई ने पर्यटन गतिविधियों पर एक बार फिर लगाई रोक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। पूर्वी चीन के वित्तीय केंद्र शंघाई शहर ने एक बार कुछ पर्यटन गतिविधियों को स्थगित कर दिया है। घरेलू संक्रमण को फैलने से रोकने के प्रयास के रूप में शुक्रवार को यह फैसला लिया गया। हालांकि शंघाई में विदेशों से भी कोरोना संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। शहर के पर्यटन और संस्कृति प्राधिकरण ने कहा यात्रा एजेंसियों और आनलाइन पर्यटन कंपनियों को एक बार फिर शंघाई, अन्य प्रांतों, क्षेत्रों और नगर पालिकाओं के बीच समूह पर्यटन के आयोजन पर रोक लगानी होगी। गुरुवार को शहर में घरेलू संक्रमण के पांच नए मामले सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया। हालांकि यह सभी पहले विदेशों से यात्रा करके लौटे है।

# सुलेमानी की हत्या का ट्रंप से खूनी बदला लेना चाहता है ईरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

तेहरान। ईरान ने अपने शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेने के लिए डोनाल्ड ट्रंप पर विस्फोटकों से लैस ड्रोन विमान से हमला करना चाहता है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खमनेई की वेबसाइट पर पब्लिश किए गए एक नकली वीडियो में नजर आ रहा है कि ट्रंप के गोल्फ खेलते समय ईरानी ड्रोन विमान उनके ऊपर हमला करता है। इस वीडियो का शीर्षक बदला निश्चित है दिया गया है।

इस वीडियो की शुरुआत ट्रंप के फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित घर से होती है। एक अमेरिकी झंडा गोल्फ कोर्स के अंदर

**ईरान के सबसे बड़े सैन्य अधिकारी थे सुलेमानी**

दिखाई दे रहा है। ट्रंप इसमें अपनी चिर परिचित टोपी पहने हुए नजर आ रहे हैं। उनके साथ 4 अन्य लोग भी मौजूद हैं। अचानक ही इस वीडियो में एक छोटा सा रिमोट कंट्रोल से चलने वाला वाहन नजर आता है। एक ड्रोन ऑपरेटर इस वाहन को चला रहा होता है। वीडियो में आगे सुलेमानी की तस्वीर नजर आती है।

ऑपरेटर सीसीटीवी को हैक कर लेता है ताकि रिमोट से चलने वाले वाहन को कोई देख न सके। इस दौरान ट्रंप के फोन पर सुलेमानी के हत्या का बदला लेने का मैसेज आता है। इसी बीच एक ड्रोन आता है और वह सीधे ट्रंप पर हमला कर देता है। इसके बाद वीडियो खत्म हो जाता है जिसके अंत में लिखा होता है, बदला निश्चित है। इस वीडियो को खुद ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खमनेई ने जारी किया है। खमनेई ने सुलेमानी के परिवार के साथ हालिया मुलाकात के दौरान कहा था, शहीद सुलेमानी स्थायी हैं और हमेशा जिंदा रहेंगे।

खमनेई ने कहा, जिन लोगों ने खमनेई को शहीद किया, वे इतिहास के डस्टबिन में हैं और उन्हें इतिहास के डस्टबिन से भी भुला दिया जाएगा। लेकिन सुलेमानी हमेशा जिंदा रहेंगे। शहीद को ऐसे ही होना चाहिए और उनके दुश्मन खो जाएंगे तथा दफन होंगे।

## ओमिक्रोन के कहर से सहमी दुनिया, किन देशों ने लगाया लाकडाउन?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन ने दुनिया भर में कोहराम मचाया है। दुनिया में पिछले सप्ताह में कोरोना संक्रमण मामलों में 11 फीसद की वृद्धि हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि ओमिक्रोन वैरिएंट से पैदा हुआ खतरा अभी बहुत ज्यादा है। दुनिया के 108 देशों में इस वैरिएंट का प्रसार हो चुका है। कई देशों में वायरस के प्रसार से गंभीर स्थिति बनी हुई है। इनमें से कई मुल्कों ने अपने देश में आंशिक लाकडाउन लगा दिया है। कई देशों ने अपने यहां कठोर प्रतिबंधों को लागू किया है। भारत के कुछ राज्यों में ओमिक्रोन ने कहर ढाया है। यह डेल्टा वैरिएंट से पांच गुना तेजी से फैल रहा है। कनाडा में ओमिक्रोन वायरस ने विकराल रूप धारण कर लिया है। कनाडा के ओंटारियो और क्यूबेक ने बेहद सख्त लाकडाउन लगाए हैं। स्कूल और अन्य इनडोर एक्टिविटी पूरी तरह से बंद हैं। नियमों के उल्लंघन पर सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। नियम तोड़ने पर छह हजार डालर का जुर्माना है।